भारतीय महिला टीम ने सैफ अंडर-18 फुटबॉल चैंपियनशिप जीती

चर्चा में क्यों?

25 मार्च, 2022 को जमशेदपुर में आयोजित सैफ अंडर-18 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में बेहतर गोल औसत के आधार पर मेज़बान भारतीय महिला टीम ने खिताब अपने नाम किया।

प्रमुख बिंदु

- जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए चैंपियनशिप के आखिरी मैच में बांग्लादेश ने भारत को 1-0 से हराया, लेकिन अंक तालिका में सबसे अधिक पॉइंट के आधार पर भारतीय टीम को विजयी घोषित किया गया।
- भारत और बांग्लादेश के बीच इस कड़े मुकाबले में मैच का पहला हाफ 0-0 रहा। मैच के दूसरे हॉफ में बांग्लादेश ने 1-0 की बढ़त ली, जो अंत तक कायम रही। हालाँकि इस चैंपियनशिप को जीतने के लिये बांग्लादेश को 2-0 से जीत की ज़रूरत थी।
- भारत की लिंडा काम स्टर्टो को सर्वाधिक गोल करने का सम्मान मिला। टूर्नामेंट के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का पुरस्कार भी लिंडा काम को ही मिला।
- उल्लेखनीय है कि झारखंड गठन के 22 साल बाद यह पहला मौका था, जब झारखंड में किसी अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-women-team-won-the-saff-under-18-football-championship